हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 12 .2 डिग्री

12 राादौरवासियों ने थाना प्रभारी से लगाई जाम से छुटकारा ..




13 टीबी की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी



# यमुनानगर में शराब पीते समय कहासुनी होने पर बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ठेकेदार की हत्या

## हत्या के बाद शव को गांव खारवन के पास दादूपुर नलवी नहर के पास फेंका

- पुलिस ने शव को किया बरामद, दंपत्ति समेत चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज
- रविवार शाम को उसका पिता राहुल को उसके घर पर पैसे देने की बात कहकर बाइक पर निकला था





यमुनानगर। मृतक ठेकेदार का फाइल फोटो एवं गांव खारवन के पास दादूपुर नलवी नहर के पास ठेकेदार का शव बरामद करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की शांति कॉलोनी में बीती रात शराब पीते समय कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व दो दोस्तों के साथ मिलकर बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के सिर पर शराब की बोतल मारकर हत्या कर दी। बाद में आरोपी उसके शव को बाइक पर रखकर गांव खारवन के पास दादूपुर नलवी नहर के पास फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने रात को ही ठेकेदार का शव दादूपुर नलवी नहर के पास से बरामद कर लिया। पुलिस ने ठेकेदार के बेटे की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की शांति कॉलोनी निवासी मृतक के बेटे विजय ने बताया कि उसका पिता राजकुमार बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ठेकेदार है। उसके पिता के पास कॉलोनी का ही राहुल राज मिस्त्री का काम करता है। रविवार शाम को उसका पिता राहुल को उसके घर पर पैसे देने की बात कहकर बाइक पर निकला था। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा तो वह अपने पिता को ढूंढने के लिए निकला। जब वह राहुल के घर के बाहर पहुंचा तो उसके पिता की बाइक घर के बाहर खड़ी मिली। जब उसने घर का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से उसके पिता की आवाज आ रही थी। बंटी ने दरवाजा खोला तो उसने अंदर झांककर देखा। वहां पर शराब की बोतले और खून पड़ा हुआ था। बंटी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भगा दिया। वह डर के कारण वहां से चला गया। कुछ देर बाद वापस आया तो आरोपी राहुल अपनी पत्नी रेखा, बंटी और प्रमोद उसके पापा की बाइक सहित मौके से सबूत मिटाकर फरार हो चुके थे। जिसकी सूचना उसने रात को ही पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो आरोपी बाइक पर उसके पिता के शव को ले जाते दिखाई दिए। जांच के दौरान पुलिस को रात को करीब 12 बजे गांव खारवन के नजदीक दादूपुर नलवी की पटरी पर राजकुमार का शव पड़ा मिला। उसके चेहरे पर चोट के काफी निशान मिलें। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आरोपी की तलाश जारी

बताया कि परिजनों के बयान पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -**राजपाल**, जांच अधिकारी, जगाधरी शहर पुलिस थाना प्रभारी

## खबर संक्षेप

### कहासुनी पर घर में घुस कर युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की सुंदर विहार कॉलोनी में कहासुनी होने पर परिवार के सदस्यों ने एक युवक के घर में घुसकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सुंदर विहार कॉलोनी निवासी रमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार को उसका कॉलोनी के ही विशाल उर्फ विशु के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद वह अपने घर आ गया था। रात नौ बजे विशाल अपने परिवार के सदस्यों अन्नू उर्फ हन्नी, अलक जेंडर, मां व भाभी के साथ उनके घर में घुस गया। आरोपियों ने आते ही उसके साथ मार पिटाई शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब उसके घर में अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बुजुर्ग ने किशोरी से की छेड़छाड़, केस दर्ज

**बराड़ा।** एक गांव में रविवार सुबह एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी पीड़िता के घर की दीवार फांदकर अंदर घुसा था। यहां उसने अकेली सो रही किशोरी से वारदात को अंजाम दिया। तब पीड़िता का परिवार उस समय घर पर नहीं था। किशोरी के पिता निजी अस्पताल में कैशियर की नौकरी करते हैं। घटना के दिन वह अपने काम पर थे जबकि मां अपने मायके गई हुई थीं। 15 वर्षीय लड़की घर के बरामदे में अकेली सो रही थी। तभी आरोपी नरेश कुमार ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता ने इसका विरोध किया। उसकी आवाज सुनकर उसका चाचा मौके पर पहुंचा लेकिन आरोपी वहां से भाग निकला।

### जीटी रोड पर आग में राख हुई कार

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड के एलिवेटेड हाईवे पर एनएफएल गेट के पास चलती कार एमजी हेक्टर संख्या एचआर 06 एई 0083 में आग लग गई। पल भर में आग ने पूरी कार को चपेट में ले लिया। इससे हाईवे पर अफरातफरी मच गई। वहीं आग में जल रही कार की वजह से चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाली लेन पर लंबा जाम लग गया। जबकि चालक राजेश निवासी मॉडल टाउन, पानीपत ने जलती कार से कूदकर जान बचाई। यह हादसा हाईवे पर एनएफएल गेट के सामने एलिवेटेड रोड पर हुआ। इधर, दमकल ने आग को काबू किया। जबकि पुलिस ने यातायात को सुचारू करवाया।



### कुरुक्षेत्र: नरेश सैनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा पिछले अनेक वर्षों से सेवाभवियों को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इस कड़ी में समाज सेवा को समर्पित नरेश सैनी को आजीवन सेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा उन्हें प्रदान किया। सेवाभावी नरेश सैनी को यह आजीवन सेवा सम्मान उन्हें आदर सहित बुलाकर प्रदान किया गया। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नरेश सैनी का चयन इस सम्मान के लिए उनके द्वारा प्रदान की गई अभूतपूर्व सेवाओं को देखते हुए किया गया। नरेश सैनी हरियाणा के विभिन्न जिलों के सरकारी अस्पताल के रक्त कोषों में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। सेवानिवृति के पश्चात वे रोटी बैंक, प्रयास फाउंडेशन और प्रेरणा समिति से जुड़कर अनेक समाज सेवा के कार्य करते हैं।

3 नवम्बर 2019 को मामला दर्ज किया गया था

## जानलेवा हमला करने वाले को सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने चोरी करने की नियत से घर में घूमकर जानलेवा हमला के आरोपी जबरद्दीन उर्फ भाट वासी बेग्गी नजर जिला सहारनपुर यूपी को 7 साल कठोर कारावास व 15 हजार रुपए रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 3 नवम्बर 2019 को थाना ईस्माईलबाद पुलिस को दिए अपने बयान में बलजीत सिंह पुत्र रणधीर सिंह वासी मडाडो जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। दिनांक 2/3 नवम्बर की रात को वह अपने घर मे सोया हुआ था। समय करीब 1.30 बजे उसके पशुओ के बाड़े में 3/4 नौजवान जवान लडके घूम रहे थे। जब उसने उनको आवाज लगाई तो वह लड़के अपनी पीकअप गाड़ी लेकर भाग गये। गाड़ी के साथ उनका पीछा किया तो रास्ते मे आरोपियों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की तथा नजायज असले से उनके ऊपर फायर कर दिया।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

- कालाआम फैक्ट्री में काम करने जाते समय गांव रणजीत पुर के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रणजीतपुर के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक कालाआम स्थित फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रणजीतपुर निवासी गोल्डी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दोस्त गांव मिल्कड़ा निवासी 22 वर्षीय मिंटू काला आम फैक्ट्री में काम करता था। वह भी मिंटू के साथ बाइक पर कालाआम फैक्ट्री में काम करने के लिए जाता था। सोमवार सुबह वह फैक्ट्री में जाने के लिए मिंटू का इंतजार कर रहा था। काफी देर तक जब मिंटू बाइक लेकर नहीं आया तो उसने मिंटू के मोबाइल पर कॉल की। कॉल किसी दूसरे व्यक्ति ने उठाई। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि मिंटू का ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मौत हो गई है। सूचना मिलते ही उसने हादसे की जानकारी मृतक मिंटू के परिजनों को दी। इसके बाद वह परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मंत्री ने 34 लाख रुपए जारी किए

## अंबाला-साहा रोड पर बनेगा स्वागत द्वार: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला-साहा रोड (एनएच 444-ए) पर स्वागत द्वार का निर्माण किया जएगा। इसके लिए मंत्री ने 34 लाख रुपए जारी किए हैं। विज ने नगर परिषद को यह राशि अपने स्वैच्छिक कोष से जारी की है ताकि जल्द भव्य एवं सुंदर स्वागतद्वार का निर्माण किया जा सके। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वागत द्वार का बेहतर डिजाइन तैयार किया जाए। डिजाइन तैयार करने के लिए एजेंसी हॉयर की जाए। स्वागतद्वार निर्माण के लिए भविष्य में यदि राशि कम पड़ेगी तो और भी राशि जारी कर दी जाएगी। गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज के प्रयासों से जीटी रोड से अंबाला छावनी में प्रवेश करते ही स्टाफ रोड पर बेहतरीन धनुष आकार के स्वागतद्वार का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। इस स्वागतद्वार की शोभा रात्रि में लगी लाइटों से और बढ़ जाती है। यह क्षेत्र लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट बन चुका है। विज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के लिए गत दिनों अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए जारी किए थे। अब इस प्रतिमा को स्थापित करने के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। श्री विज ने बताया कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा सदर बाजार चौक के पास फव्वारे वाले स्थान पर लगेगी। यह स्थान शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने के लिए उपयुक्त है।

देशी कट्टे, रिवाल्वर तथा 16 रौंद बरामद

## दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ किया गया गिरफ्तार

- पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों देशी कट्टों, रिवाल्वर व 16 जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से अवैध हथियार बरामद कर उन्हें अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार स्पेशल स्टाफ टीम में तैनात एसआई रोहन ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव मंडौली के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से देशी कट्टा जिसमें छह रौंद तथा एक रिवाल्वर जिसमें 10 रौंद थे बरामद किया। आरोपी की पहचान सचिन शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर, सदर जगाधरी थाना में तैनात हैड कांस्टेबल किरण चंद ने बताया कि देर शाम गश्त के दौरान उसे सूचना मिली थी कि कैल कचरा प्लांट के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां से एक युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान गांव अमादलपुर निवासी फुरकान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने दी जानकारी

## पानीपत में 18 करोड़ से बनेगा अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन

- मुख्यमंत्री सैनी ने हाई पावर परचेस कमेटी को दिए वर्क आर्डर जारी करने के निर्देश
- प्रोजेक्ट को मंजूरी तो गत वर्ष मिल गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत को 12 दमकल वाहनों की पहले ही सौगात मिल चुकी

पानीपत के औद्योगिक क्षेत्रो एवं आम क्षेत्रो में आगजनी की होने वाली समस्या से निजात के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन की सौगात दी है। इस पर करीब 18 करोड़ की लागत से नया दमकल केंद्र बनाया जाएगा। । लंबे समय से विधायक प्रमोद विज दमकल केंद्र बनाने हेतु प्रयासरत थे। शहरी विकास प्राधिकरण विभाग ने अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन बनाने हेतु पानीपत के औद्योगिक हुडा सेक्टर 25 पार्ट -2 में 2 एकड़ की भूमि आवंटित की है। पानीपत शहर में अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन बनाना पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है । इस प्रोजेक्ट को मंजूरी तो गत वर्ष मिल गई थी । इधर, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाई पावर पर्चेस कमेटी की बैठक में कमेटी को वर्क आर्डर जारी करने की मंजूरी प्रदान कर दी है । इस अल्ट्रा मॉडर्न फायर स्टेशन के बन जाने से शहर के औद्योगिक क्षेत्रों के साथ रिहायसी क्षेत्रों को भी लाभ होगा। वहीं, पूर्व विधायक विज के प्रयासों से पानीपत को 12 दमकल वाहनों की पहले ही सौगात मिल चुकी है ।

### दो युवकों से बदमाशों ने तीन लाख लूटे

- पुलिस ने नाकबंदी कर लुटेरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 25 में मित्तल मेगा मॉल के पास एक इंडस्ट्री की अकाउंट ब्रांच के दो कर्मचारी मासूम व नितेश बैग से बाइक सवार तीन बदमाशों ने मारपीट कर तीन लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। वहीं, मासूम व नितेश ने लुटेरों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश अपनी बाइक की रफ्तार बढ़ा कर फरार हो गए। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकबंदी कर लुटेरों की तलाश की, लेकिन लुटेरों का सुराग नहीं लगा। इधर, चांदनीबाग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि तीन लाख कैश लूट की सूचना मिली है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



### डॉ. रघुवीर तगेजा और धर्मेंद्र कश्यप गुरुग्राम में हुए सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम द्वारा द्वारा चलाई गई नीव कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला शिक्षा विभाग प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के शिक्षण तकनीकी विभाग को सम्मानित किया गया। विभाग की और से डॉक्टर रघुवीर तगेजा और धर्मेंद्र कश्यप ने सम्मान प्राप्त किया। नींव कार्यक्रम गांव और दूरदराज के विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधनों से पढ़ने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया जो उन विद्यार्थियों के लिए एक वरदान साबित हुआ जिनके पास शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं है। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र जिले के दो विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासीथल एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना कला के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के परिणामों में आए सकारात्मक बदलाव को देखते हुए विद्यालयों के शिक्षक श्रीमती पूनम श्रीमती निशम और श्रीमती सुमन को भी उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

### रबर प्लांट ने पुलिस को आधुनिक ट्रैफिक उपकरण दिए

**पानीपत।** इंडियन ऑयल की शाखा इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड प्लांट ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस को मजबूती प्रदान करने व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए करीब 33 लाख रूपए की लागत के उपकरण पुलिस को भेंट किये। इन उपकरणों में एक आधुनिक रिकवरी वैन एक मोबाइल ट्रेनिंग वैन, ट्रैफिक कौन, मास्क, केप व फर्नीचर आदि शामिल हैं। संस्थान द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस का बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने नारियल तोड़कर व हरि झंडी दिखाकर रिकवरी वैन का शुभारंभ किया। ट्रैफिक पुलिस उप अधीक्षक सुरेश सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया। इधर, एचआर हेड मुकेश शर्मा ने कहा कि ऐसे तो रिफाइनरी के कई डिवीजन है।

कार्यक्रम | कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शोध पत्रिकाओं के नवीनतम अंक किए जारी

## शोध एवं अनुसंधान के आधार पर किसी भी राष्ट्र में नवाचार उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी को मजबूत किया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध पत्रिका (केयूआरजे) और जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज अंक का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध पत्रिका (केयूआरजे) और जर्नल ऑफ हरियाणा स्टडीज (जेएचएस) के एक-एक अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर दोनों पत्रिकाओं के प्रधान संपादक प्रो. दिनेश के. गुप्ता और उनके संपादकीय बोर्ड के सदस्य भी मौजूद थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शोध पत्रिकाएं विद्वतापूर्ण शोध की परिचायक हैं। शोध एवं अनुसंधान के आधार पर किसी भी राष्ट्र में नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास के साथ-साथ समावेशी विकास के ढांचे को मजबूत किया जा सकता है। शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने पत्रिकाओं के माध्यम से किए गए विद्वत्तापूर्ण योगदान की सराहना की व उच्च प्रकाशन मानकों को बनाए रखने के लिए संपादकीय टीम को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने पत्रिकाओं की समीक्षा प्रक्रिया और बहु-विषयक दृष्टिकोण की भी सराहना की। प्रो. दिनेश गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी के लिए प्रकाशित भगवद गीता पर जेएचएस का विशेष अंक और सीडीओई सम्मेलन के लिए जारी एनईपी 2020 के संदर्भ में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा पर केयूआरजे का विशेष अंक पहले ही अच्छी प्रतिक्रिया पा चुके है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, सामाजिक विज्ञान के डीन प्रो. एस. के. चहल के साथ-साथ प्रो. अशोक चौहान, डॉ. पवन कुमार, डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, डॉ. अर्चना, डॉ. जिम्मी शर्मा, राहुल वर्मा और संजय शर्मा मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा की दमनकारी कार्रवाई का किया विरोध

**कुरुक्षेत्र।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र निवास पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। मुख्यमंत्री महोदय कुरुक्षेत्र शहर में ही मौजूद थे परंतु मुख्यमंत्री महोदय ने शोषण के शिकार इन हजारों कर्मचारियों की बात सुनने की बजाय उन पर पुलिस प्रशासन की सहायता से लाठीचार्ज और पानी की बौछारें मरवा कर भारी दमन किया है। कर्मचारियों को बुरी तरह पीटा गया जिसमें पुरुष पुलिस द्वारा महिला कर्मचारियों को लाठियों से पीट कर, धक्के मार मार कर जख्मी कर दिया गया हैं। जन संघर्ष मंच हरियाणा ने भाजपा सरकार की इस दमनकारी कार्रवाई का कड़ा विरोध और निंदा की।



## चरण सिंह बने वेलफेयर सोसायटी के प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** पुरुषोतम नगर वेलफेयर सोसाइटी, डी डी. कालोनी खेड़ी मारकण्डा के लिए नई कार्यकारियो सदस्यों का कालोनीवासियों द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। चुनाव में चरण सिंह को प्रधान, सोनू भुक्कल को महासचिव, सतीश कोषाध्यक्ष, सतपाल सिंह संरक्षक, मन्नुदत्त को उपप्रधान चुना गया। इसके साथ साथ प्रवीन कुमार को आडिटर, महाबीर शास्त्री को प्रेस प्रवक्ता बनाया गया।

## साइबर क्राइम के प्रति किया जाएगा जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला के आदेशानुसार अप्रैल माह 2025 में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए डीएलएसए की तरफ से स्कयोर यूयर डिजिटल वर्ल्ड अभियान चलाया जाएगा। सीजेएम ने शिक्षा विभाग को जारी आदेशों में कहा है कि अप्रैल माह में समाज में निरंतर बढ़ रहे साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता लाना बहुत जरूरी है, इसलिए साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए स्कयोर यूयर डिजिटल वर्ल्ड लगाए जाएंगे।

### 26 हजार न्यूनतम वेतन को लेकर एकजुट हुई सैकड़ों वर्कर्स

# आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

मांगों का ज्ञापन समाज कल्याण अधिकारी को स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम सौंपा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आशा वर्कर्स यूनियन ने वर्करों की मांगों को लेकर फव्वारा पार्क से जिला सचिवालय तक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मांगों का ज्ञापन समाज कल्याण अधिकारी को स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम सौंपा गया। प्रदर्शनकारी आशा वर्करों की अगुवाई जिला प्रधान नीरू और जिला सचिव सुदेश ने की। फव्वारा पार्क में सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रधान नीरू, सचिव सुदेश व कैशियर कविता ने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार लगातार आशा वर्करों की मांगों की अनदेखी कर रही है। केंद्र सरकार ने बजट में आशा वर्करों के लिए एक भी पैसे की बढ़ोतरी नहीं की।



### सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की राज्य प्रधान रुपा राणा व राज्य सचिव बिजनेश राणा ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग व सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों की मांगों की लगातार अनदेखी करने, फोटो कैप्चर के विरोध में व पांच जीबी रैम के फोन देने के लिए यूनियन 26, 27 व 28 मार्च को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर विभाग द्वारा जो मोबाइल फोन आंगनवाड़ी वर्कर को दिए गए थे वह तीन जीबी रैम के हैं। पोषण ट्रैकर ऐप के आए दिन वर्जन बढ़ाते जा रहे हैं और ये फोन ठीक से काम नहीं कर पा रहे। साथ ही महीने में जो टीएचआर लेकर जाएगा लगातार फिर वही व्यक्ति हर महीने लेकर जाएगा। आंगनवाड़ी में कभी बच्चों की दादी कभी बच्चों की मां खाना लेकर जाती हैं। यह शर्त हटाई जानी चाहिए कि एक ही बंदा राशन लेकर जाए। पोषण ट्रैकर ऐप में फोटो कैप्चर केवाईसी करते हुए ओटीपी मांगता है जिससे लोग साइबर ठगी से डरते हैं। ओटीपी देने में असमर्थ हैं। आंगनवाड़ी में गरीब बच्चे आते हैं। 100 ग्राम राशन के लिए कोई अपना ओटीपी देना पसंद नहीं करता। सबसे बड़ी बात यह है कि यह मोबाइल फोन चल ही नहीं रहे और आंगनबाड़ी वर्कों को तरह-तरह की धमकियां दी जा रही हैं।

यूनियन मांग करती है कि आशा वर्करौ के बजट में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ोतरी की जाए, आशा वर्करो के लिए समान काम समान वेतन लागू हो, 2022 मे.हड़ताल के दौरान काटे गए मानदेय को जारी किया जाए, पिछले पांच वर्षों से आशा वर्करों के मानदेय मे कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, मानदेय में बढोतरी की जाए, आशा वर्करों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए, आशा वर्करो को स्थाई किया जाए, ईएसआई व पीएफ काटा जाए, मृत्यु होने पर आशा वर्करों को पांच लाख रुपए मुआवजा दिया जाए, रिटायमेंट पर दो लाख रुपए दिए जाएं, आठ ऐक्टिवीटी की 50 प्रतिशत काटी गई राशि तुरंत दी जाए, आशा वर्करों की रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जाए, फैसलिटेटर की विजिट की प्रोत्साहन राशी बढाई जाए, आशा वर्करो व फैस्लीटेटर को ड्रैस के लिए दो हजार रुपए दिए जाएं, सब सैन्टर, पीएचसी व जरनल अस्पताल में आशा वर्करों के बैठने की जगह बनाई जाए। इस अवसर पर सीटू जिला कैशियर ओ.पी माटा, सतपाल सैनी, जगपाल राणा, मनोज कुमार, निशा, सुदेश, नीरू, गुरमीत कौर, मोनिका, ममता, सीमा, गीता, कविता, रुपा सैनी, मीना, निर्मला, लक्ष्मी व रेखा ने संबोधित किया।

# विधायक ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी हलके के लोगों की समस्याएं

- सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित
- समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याऐं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर हलके की जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना और जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में हलके की जनता ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ प्रशासन से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं से भी उन्हें अवगत करवाया। विधायक ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में उनके समक्ष, बिजली,पानी, गलियां-नालियां, रोजगार, स्थानांतरण, पक्का मकान बनवाने, राशन कार्ड बनवाने जैसी अनेकों प्रकार की समस्याएं हलके के लोग लेकर आते हैं। वे लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए हर समय उनके साथ खड़े हैं और किसी भी आमजन को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रत्येक सोमवार को विश्राम गृह में पहुंचकर स्वयं लोगों के रूबरू होते हैं और लोगों की जो भी समस्या एवं शिकायत होती है, उसे पूरी गंभीरता से सुनकर उसका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है। विधायक ने जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता को बताया कि गत दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनकल्याण की योजनाओं का विधानसभा में प्रदेश का बजट पेश किया है।

## रेलवे रोड पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन तैयार

**घरौंडा।** शहर के रेलवे रोड पर बढ़ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए नगरपालिका ने दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की तैयारी कर ली है। नगरपालिका ने दुकानदारों को नोटिस देकर दुकानों के आगे अवैध रूप से रखे सामान को अंदर रखने की हिदायत दे दी है। अगर दुकानदारों ने दुकानों के सामने रखे सामान को अंदर नहीं रखा तो सामान जब्त कर लिया जाएगा और आगामी कार्यवाही भी की जाएगी। बता दें कि रेलवे रोड सहित पूरा शहर अतिक्रमण से जकड़ा हुआ है। दुकानदार अपनी दुकानों के सामने कई कई फूट सामान रख देते हैं और उनके आगे ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। जिससे सड़क बिल्कुल सिकुड़ जाती है और जाम की स्तिथि बन जाती है।जिस कारण लोगो को आवागमन करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका ने कई बार रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दुकानदारों को दुकानों के सामने सामान न रखने की हिदायत दी थी, लेकिन इसके बावजूद भी दुकानदार बाज नहीं आ रहे हैं। नगरपालिका ने इस बार कड़ा रुख अपना लिया है और रेलवे रोड के दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

# क्रोमैटिक केमिस्ट्री पिगमेंट और डाई की कला पर पांच दिवसीय कार्यशाला

- कार्यशाला में 72 छात्रों ने भाग लेकर जानी रंगों की दुनिया
- कार्यशाला के अंतिम दिन विज्ञान प्रदर्शनी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग ने क्रोमैटिक केमिस्ट्री पिगमेंट और डाई की कला पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्देश्य रसायन विज्ञान में रंगों की आकर्षक दुनिया की खोज करके युवा छात्रों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रसायन विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. मंजू सिंह द्वारा रंगों के रसायन विज्ञान पर एक ज्ञानवर्धक उद्घाटन व्याख्यान के साथ हुई। कार्यशाला में 72 छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्या मीनू शर्मा ने विद्यार्थियों को इस तरह की कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, कौशल बढ़ाने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और रसायन विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान का विस्तार करने में उनके महत्व पर बल दिया। अंतिम दिन छात्रों की रचनात्मक और वैज्ञानिक परियोजनाओं को प्रदर्शित करने वाली एक छोटी प्रदर्शनी के साथ संपन्न हुआ, जिसका समापन कुरुक्षेत्र विवि, कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर तरविंदरजीत कौर की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह में हुआ।

# श्री श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल और श्रीजी सखी मंडल द्वारा सेक्टर नौ के पार्क में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंडल की ओर से करवाया जाने वाला यह 118वां कीर्तन था। शाम को श्याम बाबा के दरबार के समक्ष पावन ज्योत प्रज्जवलित की गई। पूजन कार्य के बाद भजन गायकों ने श्याम बाबा को रिझाने के लिए भजन गाने शुरू किए। कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को तिलक लगाया गया। फूलों की होली खेली गई। गायक करन पारूल, दिक्षा वाधवा व हर्ष गौयल ने अपने भजनों से श्याम बाबा को रिझाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को श्याम बाबा की मस्ती में लीन कर दिया। ऐसे भजन भी प्रस्तुत किए जिससे श्याम प्रेमी स्वयं को झूमने से रोक नहीं सके। मतलब की इस दुनिया से मुझको तो नफरत है, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है..., सजा दो घर को गुलशन सा मेरे श्याम सरकार आए हैं..., कभी रूठना न मुझसे ओ श्याम सांवरे, मेरी जिंदगी है अब तेरे नाम सांवरे..., जाके सिर पर हाथ म्हारो श्याम धनी को होवे है, उसको बाल न बांको होवे है..., मुझे अपनी शरण में ले लो श्याम..., गोपाल सहारा तेरा है, नंदलाल सहारा तेरा है, मेरा और सहारा कोई नहीं... सरीखे भजन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान श्याम बाबा को 56 भोग लगाए। भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। श्याम सेवक पंकिल गोयल ने कहा कि श्याम बाबा को हारे का सहारा कहकर पुकारा जाता है। श्याम बाबा ने अपनी माता को वचन दिया था कि वह हारे का सहारा बनेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि श्री श्याम सलोना संकीर्तन मंडल का प्रयास है कि करनाल के हर घर में श्याम बाबा का कीर्तन हो। इस अवसर पर पंकिल गोयल, मोहन लोधी, अजय सैनी, विपुल गोयल, विशाल सैनी व अंशुल जैन आदि मौजूद रहे।

# गीत-नृत्य के कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



अटल पार्क में चाहत कराओके अकादमी द्वारा गीत-संगीत और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हें बच्चों से लेकर बुजुर्र्गों तथा महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। अकादमी के आर्गेनाइजर विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि गीत-संगीत तनाव से मुक्ति पाने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। संगीत से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। एकाग्रता बढ़ती है। करनाल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए यह आयोजन शुरू किया गया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को कार्यक्रम में लेकर आएं। सामुहिक प्रयास से करनाल के बच्चों को जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के काबिल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में रूद्रा ने अचुतम केशव गाया तो सभी श्रोता भी साथ गाते नजर आए। नम्रता ने आओ तुम्हे चांद पर ले जाए, कुशल बठला ने मैं दुनिया भुला दूंगा, विधुर मेहता ने जग घूमया गीत गाए। पांच वर्षीय वाणी ने मिसरी से मीठी गीत पर नृत्य कर समां बांध दिया।



## नव निर्वाचित पार्षद ने किया योग का अभ्यास

**करनाल।** दिनेश गुलाटी द्वारा मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अन्तर्गत फावारा पार्क योग कक्षा में प्रतिदिन की भांति योगिक क्रियाएं करवाई गई। पिछले 20 वर्षों से मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा योग का शिक्षा दी जाती है। उन्होंने साधकों को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न योगिक क्रियाएं व प्राणायाम का अभ्यास करवाया । कक्षा में मुख्य अथिति के रूप में नवनिर्वाचित पार्षद श्री संजीव मेहता, वार्ड नंबर 11 उपस्थित रहे। दिनेश गुलाटी और टीम के सदस्यों ने उन्हें पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। संजय मेहता ने कहा कि दिनेश गुलाटी द्वारा समाज के स्वास्थ्य के प्रति योगदान सराहनीय है। वह निस्वार्थ भाव से जो सेवा करें कर रहे हैं उससे असंख्य लोग लाभान्वित होकर स्वस्थ हुए हैं।दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग दैनिक जीवन में अति महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शरीर व मन के बीच संबंधों को संतुलित करने और प्रकृति से जुड़ने के लिए सबसे अनुकूल विधि है।यह एक प्रकार का व्यायाम है जो संतुलित शरीर के माध्यम से किया जाता है। कक्षा में योग शिक्षक नीलम बटला, वीना धीर, एनफ़ चौधरी और साधक मौजूद रहे।

# 7 दिवसीय शिविर मे छात्रों ने नशा न करने को लेकर किए नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** रैली के दौरान पौधारोपण करते महाविद्यालय के स्वयंसेवक।

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत योगा व एनएसएस गीत के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बबीता राजकीय महाविद्यालय चंडीगढ़ ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि हमारे देश के युवा राष्ट्र निर्माण की रीड की हड्डी है। उन्होंने विभिन्न युवाओं जैसे लाल बहादुर शास्त्री, मदर टेरेसा आदि के उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को हासिल करने हेतु प्रेरित किया। डॉ बबीता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए हम जिस भी पद पर हैं हमें उसे पद की गरिमा को बनाए रखते हुए काम करना चाहिए। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई प्रभारी डा बाल ऋषि द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में समस्त विद्यार्थियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों को अपने जीवन में नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया ।

# खेल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 27 को: सुधा भसीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा के महानिदेशक के निर्देशानुसार जिला में कार्यरत सभी विभागीय प्रशिक्षकों को एक अप्रैल 2025 से खेल नर्सरी का संचालन करने के निर्देश दिए हैं जिसके लिए सभी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाडियों का ट्रायल 27 मार्च 2025 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक लिया जाएगा। ट्रायल में चयनित 25 व 10 प्रतीक्षा सूची के खिलाडियों का चयन करके रिकॉर्ड ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और प्रशिक्षकों द्वारा खेल नर्सरी का संचालन किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि ट्रायल के लिए खिलाड़ी को अपने साथ स्थानीय रिहायशी प्रमाण पत्र लाना होगा या खिलाड़ी का दाखिला स्थानीय शिक्षण संस्थान में होना चाहिए। इसके अलावा खिलाड़ी को अपना आधार कार्ड/बैंक कॉपी, पैन कार्ड, जन्म-प्रमाण पत्र या मैट्रिक कॉपी या पासपोर्ट कॉपी व दो फोटो भी अवश्य साथ लानी होगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए खिलाड़ी की आयु 8 वर्ष से 19 वर्ष तक होनी चाहिए। खिलाड़ी की आयु 1 अप्रैल 2006 से आंकी जाएगी ।

### यहां होंगे ट्रायल

जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, स्विमिंग, वॉलीबॉल, रेसलिंग, टेबल टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो के लिए स्थानीय कर्ण स्टेडियम में , जूनियर क्रिकेट के लिए सैक्टर-9 हुड्डा क्रिकेट स्टेडियम, जूनियर हॉकी के लिए हॉकी स्टेडियम कैलाश तथा जूनियर हैंडबॉल के लिए ऊंचा समाना स्टेडियम में 27 मार्च 2025 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक ट्रायल लिया जाएगा।

## रोडवेज कर्मचारी 3 को करेंगे भूख हड़ताल: नरेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल एवं प्रदेश प्रेस प्रवक्ता व सचिव रंजीत करोड़ा ने कहा कि कुरुक्षेत्र डिपो एवं पेहवा सब डिपो के सभी यूनियनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी 3 अप्रैल को 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे जिसकी घोषणा हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चे द्वारा की गई है। कहा कि हरियाणा सरकार रोडवेज कर्मचारियों के हकों पर कुठारघात कर रही है तथा हरियाणा रोडवेज को प्राइवेट हाथों में सोपना चाहती है। पहले 2018 में 710 किलोमीटर स्कीम की बसें लेकर के आई जिनकी आज ऑल ओवर रसीट 10, 11 रुपए की है और उनको 32, 33 रुपए पर किलोमीटर के हिसाब से किराया दिया जा रहा है जिसका कई लाखों का घाटा हर रोज हो रहा है।

इधर भाजपा की हरियाणा में तीसरे टर्म की सरकार बनने पर परिवहन मंत्री अनिल विज को परिवहन मंत्री बनाया गया। परिवहन मंत्री से रोडवेज कर्मचारियों को कुछ उम्मीद हुई थी कि अनिल विज हरियाणा रोडवेज को घाटे से उबारेंगे और हरियाणा रोडवेज विभाग में नई सरकारी बसें लेकर के आएंगे तथा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

### एक माह पहले ही नया ट्यूबवेल शुरू किया गया था

# ट्यूबवेल लीक होने से हजारों लीटर पानी बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर सिंह ढिल्लों मौके पर इसकी जानकारी देते हुए।



**तरावड़ी।** ट्यूबवेल से बहता हुआ पानी पास के तालाब मे जाता हुआ।

एक तरफ सरकार जल बचाने वाले लोगो को सम्मानित कर रही है। उसकी दूसरी तरफ उन्हीं के विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जल प्रबंधन अभियान को ठेंगा दिखा रहे है। शहर के वार्ड 15 में लोगों के घरों में पीने का पानी सप्लाई करने के लिए एक माह पहले ही नया ट्यूबवेल शुरू किया गया था ताकि लोगों को पीने के पानी की सप्लाई सुचारू रूप से मिलती रहे। लेकिन पिछले कई दिनों नया ट्यूबवेल लीक है और आए दिन हजारों लीटर पानी पास बने रानी तालाब में जा रहा है। ऐसे मे पानी हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। वार्ड पार्षद के प्रतिनिधि ने विभाग को इसकी सूचना दी गई है लेकिन विभाग आंखे मूदे बैठा है इसकी और कोई ध्यान दे रहा। क्या ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि उनके वार्ड में पहले दो अन्य ट्यूबवैल लगे थे लेकिन वह बैठ गए। जिसके बाद वार्ड में जनस्वास्थ्य विभाग ने नया ट्यूबवेल लगाया था ताकि वार्ड में पीने के पानी की सप्लाई में किसी तरह की परेशानी ना हो। लेकिन विभाग इस ट्यूबवेल को लगाकर भूल गया कि वार्ड में कहीं पर उन्होंने ट्यूबवैल भी लगाया है। अब हालात ऐसे है कि रानी तालाब में पिछले दस दिनों से ट्यूबवेल लीक होने से पानी जा रहा है तथा वह दिन दूर नहीं जब वह तालाब पानी से लबालब हो जाएगा। लगातार शिकायत करने के बाद भी अभी तक इसे ठीक नहीं किया गया है। पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि जल के महत्व को हम सभी को समझना होगा। अगर इसी तरह से अधिकारी लापरवाही करते रहे तो जल का संकट खड़ा हो सकता है। जब इस मामले को लेकर विभाग के एसडीओ गुरमीत सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है इस लीकेज को ठीक नहीं किया गया। विभाग की ओर से दो-तीन बार इसे ठीक किया गया है। जिस जगह पर यह ट्यूबवेल लगा है वहां पर मिट्टी काफी रेतीली की है जिस कारण पकड़ नहीं बन पाती। उक्त स्थान पर 30 एचपी की मोटर लगी है जिसका प्रेशर काफी अधिक है। इस अवसर पर अशोक कुमार, रणजीत भारद्वाज, पवन प्रजापत, रमेश शर्मा, सुभाष सचदेवा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को बरसत रोड स्थित मारवा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वर्करों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है।

### पुलिस ने लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** वृंदा एंक्लेव पास 11 मार्च की देर शाम शराब ठेकेदार अंकुश कुथपाल को चोट मारकर 4 लाख 48 हजार रुपये व एक्टिवा लूट की वारदात को अजाम देने वाले तीन आरोपियों रोबिन, अंशुल व कुनाल निवासी गांव खेड़ी गुज्जर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सतीव वत्स ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में इंद्रपाल निवासी देशराज कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है। जबकि लूट के आरोपियों को कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### नेफ्था प्लांट में आपदा ड्रिल की

**पानीपत।** विभिन्न आपातकालीन समन्वयकों, जिला प्रशासन और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर पानीपत रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के पानीपत नेफ्था क्रैकर प्लांट में सोमवार को ऑनसाइट-सह-ऑफसाइट आपदा राहत पूर्वाभ्यास (ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में क्लोरीन टोनर के बॉडी से क्लोरीन रिसाव को दर्शाया गया।

### आईबी पीजी कॉलेज में हुई वर्कशॉप

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में टैगोर समिति अंग्रेजी विभाग की ओर से क्रिएटिव राइटिंग पर आधारित एक वर्कशॉप के अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह 10 दिन की वर्कशॉप बच्चों के अंग्रेजी भाषा में सृजनात्मक लेखन से संबंधित ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

### वार्ड 24 का तेजी से होगा विकास

**पानीपत।** वार्ड 24 से नवनिर्वाचित निगम पार्षद सांची तनेजा का गणेश मंदिर सेवा समिति भाटिया कॉलोनी द्वारा स्वागत किया गया। वहीं सांची तनेजा ने कॉलोनी वासियों का आभार जताते हुए कहा कि वह वार्ड नंबर 24 में जो भी कार्य अधूरे पड़े हैं या नयों की जिनकी जरूरत है उनको जल्दी से जल्दी करवाएंगी। सांची तनेजा ने कहा कि अपनी भाटिया कॉलोनी में शनि मंदिर में जो कम्युनिटी सेंटर है अभी उसका निर्माण कार्य अधूरा है सबसे पहले उसको पूरा करवा कर शुरुआत करेगी।

### पानीपत की सीमा में असंध रोड फोरलेन बनेगा

**पानीपत।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार के अथक प्रयासों से जिला पानीपत में अनेकों विकास के कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में उन्होंने पानीपत से जींद तक सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति दिलवाने में विशेष प्रयास किए। इन सड़कों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 184 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इन कार्यों के निर्माण के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मंत्री पंवार ने बताया कि पानीपत से जींद तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पानीपत से दरियापुर मोड तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। यह फोरलेन सड़क जिला पानीपत का हिस्सा रहेगी और इस फोरलेन को बनाने में 92 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है।

### कश्यप जयंती में सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**पानीपत।** कश्यप राजपूत सभा की बैठक हुडा सेक्टर 13 कश्यप भवन पानीपत में हुई। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट रामकुमार कश्यप चेयरमैन हरियाणा कश्यप राजपूत सभा ने की। जिसमें 24 मई को होने वाली महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम की आयोजन समिति का गठन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह होंगे।

---

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री ने जनसुनवाई की

# हर नागरिक को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता : बेदी

- किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जायेगी

*उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंत्री का बुके देकर स्वागत व अभिनन्दन किया व हर समस्या का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के सामाजिक न्याय सशिक्तकरण अनूसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला सचिवालय में सोमवार को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनवाई करते हुए कहा कि हर नागरिक को न्याय दिलवाना सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी इसमें रूचि लें व कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निदान करें। उन्होंने अधिकारियों को बैठक में कुछ



पानीपत। जिल कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनसुनवाई करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। समिति की बैठक के बाद उन्होंने जिले के कुछ जरूरतमंद लोगों की समस्याएं भी सुनीं व अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंत्री का बुके देकर स्वागत व अभिनन्द किया व हर समस्या का तत्काल समाधान करने का आश्वासन मंत्री को दिया। बैठक में मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, जिला परिषद की अध्यक्ष काजल, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## रीतिका नेशनल अचीवर अॅवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दिल्ली में आयोजित समारोह में किंडर बेल्स प्रीस्कूल की प्रधानाचार्या एवं संस्थापक रीतिका गर्ग को राष्ट्रीय उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मानित समारोह के मुख्य अतिथि बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता गुलशन ग्रोवर थे, जिन्होंने स्वयं रीतिका गर्ग को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। रीतिका गर्ग पिछले 17 वर्षों से किंडर बेल्स प्रीस्कूल का संचालन कर रही हैं और उनकी उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति के लिए उन्हें यह सम्मान मिला।

उनकी देखरेख में किंडर बेल्स प्रीस्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। रीतिका इनरव्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की संपादिका भी हैं और



पानीपत। शिक्षाविद् रीतिका गर्ग पुरस्कार ग्रहण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

इस क्लब के माध्यम से समाज सेवा के कई कार्य कर चुकी हैं।

## आर्य केंद्रीय सभा ने राम नवमी महोत्सव मनाया

**पानीपत।** आर्य केंद्रीय सभा द्वारा आर्य समाज स्थापना दिवस एवं रामनवमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। वहीं आचार्य संजय शास्त्री व आर्य सुरेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रों की आहुतियां दिलाकर वैदिक यज्ञ किया। इस अवसर पर गांव बिंझौल के सरपंच प्रदीप कुमार, भूपेंद्र आर्य, आदित्य डावर, जसबीर तंवर, डॉ.सच्चिदानंद आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आत्म आर्य, आर्य केन्द्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधान बेला भाटिया, शारदा बरेजा, आत्म बरेजा, केआर छौक्कर, शकुंतला, कांता सनेजा, नवीन गाबा, संजीव माखीजा, कमलेश लिखा, कमलेश कथूरिया, आर्य वीरेंद्र, आर्य संदीप, आर्य भूपिंदर, आर्य सुरेश कक्कड, बलजीता यादव, दीपिका सिंगला व संजना कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

---

## आशा वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला की आशा वर्कर्स में अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय प्रदर्शन करते हुए भारत के स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नाम लिखित ज्ञापन पत्र जिला उपायुक्त के माध्यम से भेजा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू जिला सचिव जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपडा, आशा वर्कर्स की यूनियन की जिला कार्यकारी प्रधान बंटी, जिला सचिव सुशीला, उप प्रधान मनजीत, शकुंतला, सह सचिव सुनीता बापौली, मीना, किरण व सुमन आदि ने किया।

### जनसेवा में दरियादिल बनें अधिकारी

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि मन में अगर सच्चा विश्वास है तो हर समस्या का समाधान है। अधिकारियों को संदेह व चिंता से परे होकर नागरिकों की हर छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान निर्धारित समय में करना है। अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली सभी समस्याओं का दरिया दिली दिखा कर समाधान करें।

### छात्राओं ने स्वच्छता का ज्ञान लिया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह, पानीपत में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन सोमवार को डॉ रितु राठी ने टीचर्स व स्टूडेंट्स को डेंटल हाइजीन व राजेश कादियान एमपीएचडब्ल्यू ने भी व्यक्तिगत सफाई के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पूनम देवी,

---

# साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक हुए विद्यार्थी

### स्वयंसेवकों के लिए कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया

- सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर स्वयंसेवकों ने साइबर अपराध व डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर प्रकाश डाला और साथ ही इस दौरान सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मुख्य प्रबंधक रोशन लाल सचदेवा



पानीपत। आर्य कॉलेज के स्वयं सेवी विद्यार्थी अतिथियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ.आनंद कुमार की अध्यक्षता में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराध विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया व एनएसएस समन्वयक प्रो.विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डुडेजा को सफलतापूर्वक चल रहे शिविर के लिए बधाई दी। शिविर में स्वयंसेवकों के लिए कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्रों ने रसोई गैस का उपयोग किए बिना सैंडविच, भेलपुरी, दही भल्ले, नारियल के लड्डू, खजूर के लड्डू, ठंडाई और फ्रूट क्रीम और जैसे विभिन्न व्यंजन तैयार किए। स्वयंसेवक दिव्य, ख़ुशी, तमन्ना, संजीव, नीतीश, अमन, अंकिता, अंकुश, कशिश, सिंह पलक, आयुषी के खाद्य पदार्थों को सर्वश्रेष्ठ रेसिपी का पुरस्कार दिया गया। जबकि प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। एनएसएस समन्वयक प्रो.विवेक गुप्ता व एनएसएस पीओ डॉ.मनीषा डुडेजा ने बताया कि साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एक राष्ट्रीय जन जागरूकता प्रयास है।

---

## पर्यावरण को घना करना सभी का कर्तव्य : कुमार

*ग्रीनमैन प्रो. दलजीत ने अपनी सर्विस की 13वीं वर्षगांठ पर पौधे रोपे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विषय के सहायक प्रोफेसर ग्रीनमैन दलजीत कुमार के सर्विस की 13वीं वर्षगांठ पर इको क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय में नव स्थापित ऑक्सीजन बाग में आम व आडू के पांच पौधे अपनी बेटी जैसमीन कौर बेटा प्रभास सिंह और डा. तकदीर सिंह, पालेराम तथा इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से रोपित किए। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने बताया कि 24 मार्च वर्ष



देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पौधे रोपण कराते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व उनकी टीम।

2012 को राजकीय महाविद्यालय गोहाना में सर्विस जॉइन की तब से अब तक चालीस हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं और हजारों युवा उनकी पर्यावरण संरक्षण के अभियान से जुड़ चुके हैं। पर्यावरण को घना करना सभी का कर्तव्य है।

---

## टेक्सटाइल डिजाइनिंग लैब का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में बीफैड विभाग में टेक्सटाइल डिजाइन लैब का उद्घाटन हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके छपाइकार फाउंडेशन के निदेशक अवधेश कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इंटरनेशनल ब्लॉग प्रिंटिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को नौकरी की तरफ नहीं भागना चाहिए। अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करना चाहिए जिससे आप



पाइट में बीफैड विभाग में टेक्सटाइल डिजाइन लैब के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विद्यार्थी।

अन्य को भी रोजगार दे सकते हो। फैशन का क्षेत्र बहुत विशाल है, आप सभी को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। फैशन डिजाइन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आज के दौर में रोजगार, अनुसंधान और स्टार्ट-अप की असीम संभावनाएं हैं। कार्यशाला में बैचलर ऑफ फैशन एंड अपैरल डिजाइनिंग के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक कला और फैशनेबल डिजाइन को नया रूप देकर अपने स्वयं के उत्पाद तैयार किए। वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, पाइट एनसीआर के प्रिंसिपल डॉ.दीपक,डॉ.निहारिका ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।

---

## शहीदों की याद में 242 नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हैल्पेज ऑर्फन्स ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 95वे शहादत दिवस पर किडनी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 242 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व मेयन कोमल सैनी ने रक्तदाताओं का हौंसला बढाया। इस अवसर पर हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल व किडनी हॉस्पिटल से डॉ. भूपेंद्र कादियान, गगन दीप सिंह, अर्जुन काठपाल, डॉ. दीप्ति जैन, विवेक सचदेवा, जतिन वर्मा, नीतू जैन, युवराज





पानीपत। शहीदी दिवस पर मेडिकल कैंप में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचते हुए डॉ केदार बत्रा व नागरिकों की आंखों की जांच करवाते हुए आदर्श एक विश्वास के अध्यक्ष नवीन मुंजाल। फोटो :हरिभूमि

चुघ, स्वाति गोयल, राघव चावला, नवनीत कौर, कुंजल प्रतिष्ठा, दीपक छाबरा, सनव गांधी, नव्या गर्ग, वर्तिका जैन, वरुण राज व डॉ. मनीषा मान कादियान, डॉ. शंकर तायल आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड द्वारा हर्ष गार्डन में आयोजित मेडिकल कैंप में आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी से डॉ. वरुण गोगिया व नवीन मुंजाल ने सहयोग दिया।

---

## जनता की सेवा में जुटी है भाजपा सरकार : भड़ाना

*समालखा के विधायक मनमोहन ने कई गांवों में जन सुनवाई की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा, गांव किवाना, हथवाला, गोयला खेड़ा, बापौली, सनौली आदि का दौरा कर लोगों की लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधी विभागों के अधिकारियों को निराकरण के आदेश दिए। विधायक भड़ाना ने ग्रामीणों को पूरा आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को जल्द ही समाधान करवाया जाएगा। वहीं, गांवों में पहुंचने पर विधायक मनमोहन भड़ाना का ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य



समालखा। विधायक मनमोहन भड़ाना जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

स्वागत किया। विधायक भड़ाना ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है और विकास कार्यो को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों की काफी समस्याओं को भड़ाना ने मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर समाधान करवाया। इसराना गांव में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भी विधायक मनमोहन भडाना पहुंचे।

---

### एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट में रनरअप चैंपियन के खिताब पर कब्जा किया

# खेलों से धीरज, सहनशक्ति व स्वास्थ्य में सुधार होता है : डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की महिला क्रिकेट टीम ने कुरुक्षेत्र में आयोजित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में रनर अप चैंपियन के खिताब पर कब्जा किया है। इस टूर्नामेंट में कप्तान साक्षी के शानदार खेल की बदौलत कॉलेज महिला क्रिकेट टीम में सुनीता ने 86 रनों के साथ 2 विकेट भी हासिल किये। विकेट कीपर सोनल, रिद्धि, निधि,



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता टीम।

दिव्या, चंचल, ऋ तिका, मीतू, श्वेता, सुमन और निशा का खेल भी शानदार रहा। वहीं साक्षी, सुनीता, निधि और सुमन इससे पहले आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी चयनित होकर कॉलेज और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर चुकी हैं। कॉलेज पहुंचने पर प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो.सुशीला बेनीवाल, प्रो आनंद, प्रो.रेखा, कोच अंकुश, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनका हौंसला बढ़ाया। वहीं प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि क्रिकेट अनिवार्य रूप से बल्ले और गेंद का खेल है। कॉलेज महिला टीम को रनर अप ट्राफी जितने पर बहुत बहुत बधाई। जबकि प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्रिकेट को सामाजिक और प्रतिस्पर्धी दोनों तरह से खेला जा सकता है। स्वास्थ्य के हिसाब से क्रिकेट हममें धीरज, सहनशक्ति, संतुलन, समन्वय, शारीरिक फिटनेस और हाथ आंख समन्वय में सुधार पैदा करता है। यही नहीं खलों से केवल तन ही नहीं मन भी स्वास्थ्य रहता है।

---

### साइबर क्राइम के प्रति किया जाएगा जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला के आदेशानुसार अप्रैल माह 2025 में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इसके लिए डीएलएसए की तरफ से स्कयोर यूयर डिजिटल वर्ल्ड अभियान चलाया जाएगा। सीजेएम नितिन राज ने शिक्षा विभाग को जारी आदेशों में कहा है कि अप्रैल माह में समाज में निरंतर बढ़ रहे साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता लाना बहुत जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार समेत किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र के दिल्ली अमृतसर हाइवे सर्विस रोड के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी पंकज को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 3 दिन के रिमांड पर लिया है। 23 मार्च 2025 को सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हथियार जब्त किया।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गांव जटवाड़ के तेजिंद्र सिंह ने 9 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 फरवरी 2025 से 9 मार्च 2025 के दौरान आरोपी महिला व अन्य ने उससे सोना व नकद राशि हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### उत्पीड़न का आरोपी किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी विजय कुमार को शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 6 मार्च 2025 को थाना पंजोखरा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अप्रैल 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### डीएवी स्कूल की दो छात्राएं सम्मानित

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल की दो छात्राओं वंशिका और अनवी गोयल का नाम विज्ञानं व तकनीकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा पुरस्कार के लिए नाम नामांकित किया गया। दोनों छात्राओं को दस हजार की नकद राशि व सर्टिफिकेट पुरस्कार के रूप मे देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने यह विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका संगीता महेश्वरी के मार्गदर्शन मे किया। प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

**अंबाला।** भगवान श्री परशुराम गौशाला में सर्व धर्म समाज कल्याण सोसायटी, राष्ट्रीय बजरंग दल , ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन तथा वी हेल्पिंग ग्रुप धनाना के पदाधिकारियों द्वारा देवी लाल प्रधान की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई। कार्यक्रम संचालक राजेंद्र कौशिक ने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवा साथियों के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों पर झूल कर अपनी जान कुर्बान करने वाले महान युवा स्वतंत्रता सेनानी शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव के शहीदी दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### टक्कर लगने पर प्रिंसिपल घायल

**बराड़ा।** स्कूल बस की टक्कर लगने से एक महिला प्रिंसिपल के घायल होने की खबर है। पीड़ित महिला ममता पालिका विहार ने बताया कि वह जनता कॉलोनी मुस्ताबाद स्कूल में बतौर प्रिंसिपल तैनात है। 21 मार्च की सुबह 8 बजे वह बच्चों को स्कूल बस में बैठाकर लौटने के लिए सडक़ किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान निजी स्कूल की बस के चालक ने टक्कर मार दी।

### अफीम के 80 पौधे जब्त चर्च में माली ने उगाए थे

**अंबाला।** अंबाला छावनी के चर्च परिसर में अफीम की पौधे लगाने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद अफीम के पौधे और उसको उगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महेश नगर थाने के एएसआई अजित पाल ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जगाधरी रोड स्थित एक चर्च पर रेड की।

## मुख्यमंत्री ने 17.35 करोड़ के फंड को दी मंजूरी

# अंबाला शहर के 20 वार्ड 26215 नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएंगे : गोयल

तकनीकी दिक्कत के कारण कई माह से निगम के गोदाम में कंडम हो रही थी स्ट्रीट लाइटें, सीएम ने तुरंत दिक्कत को दूर कर अधिकारियों को काम शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल व निगम ऑफिस में जमा भाजपा के निगम सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

अंबाला शहर जल्द ही 26 हजार नई लाइटों से जगमगाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इन लाइटों को लगाने की 17.35 करोड़ रूपये के फंड को सहमति दे दी है। इन लाइटों के लगने से पूरे शहर की तस्वीर बदल जाएगी। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी का इस सौगात के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। पूर्व मंत्री ने इस सिलसिल में नगर निगम अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि अंबाला शहर के सभी 20 वार्डों में लगने वाली स्ट्रीट लाइटें काफी समय से निगम में आई हुई थीलेकिन तकनीकि कारणों की वजह से यह नहीं लग पाई। अब मुख्यमंत्री के नए आदेश से शहर में ये स्ट्रीट लाइटें लगने का रास्ता साफ हो गया है। पूर्व मंत्री असीम गोयल काफी समय से इन लाइटों को लगाने के लिए बेहतर प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नायब सरकार हमेशा जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देती है। इस परियोजना के अंतर्गत शहर भर में स्ट्रीट लाइटों की संख्या बढ़ाई जाएंगी।

### कंडम हो रही थी लाइटें

अंबाला शहर के सभी 20 वार्डों में 26 हजार से स्ट्रीट लाइटें लगाने को लेकर काफी समय से कार्रवाई चल रही है। सरकार की सहमति के बाद निगम की ओर से इन लाइटों की खरीदारी भी कर ली गई थी लेकिन तकनीकी दिक्कत के कारण ये लाइटें शहर में नहीं लग पाई। निगम के सदन की मीटिंगों में लगातार इन लाइटों को लगाने का मुद्दा उठ रहा था। हर बार अधिकारी तकनीकी दिक्कत का हवाला देकर इन लाइटों को लगाने से इंकार कर देते थे। तब निगम सदस्यों ने पूर्व मंत्री असीम गोयल को इस मामले से अवगत करवाया। असीम ने सीधे इस मामले को लेकर सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। मुलाकात होते ही सीएम ने स्ट्रीट लाइटों के मामले का समाधान कर दिया।

### बड़ा सुधार शहर के विकास में नया आयाम जोड़ेगा

स्ट्रीट लाइटों लगाने को लेकर सीएम की मंजूरी मिलने के बाद भाजपा के ज्यादातर निगम सदस्य भी बेहद खुश हैं। सदस्यों का कहना है कि इससे अंबाला शहर का शहरी विकास और समृद्ध होगा। इसके लिए उन्होंने पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया है। स्ट्रीट लाइटों को मंजूरी मिलने के बाद सोमवार को सभी निगम सदस्य निगम ऑफिस में जमा हुए। उनका कहना है कि नायब-असीम की जोड़ी अंबाला शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अंबाला शहर में स्ट्रीट लाइटों का यह बड़ा सुधार शहर के विकास में नया आयाम जोड़ेगा।



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते मंडालायुक्त।

# एयरफोर्स के जहाजों के लिए खतरा बन रहा कूड़ा

- मंडलायुक्त के सामने एयरफोर्स अधिकारी ने समस्या, नालों सफाई न होने की समस्या से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हवाई उड़ान की सुरक्षा के दृष्टिगत सोमवार को अंबाला मंडलायुक्त अंशज सिंह ने एयरफोर्स व जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त सिंह ने उपायुक्त कार्यालय में हवाई क्षेत्र समिति के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त कार्यालय में पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंडलायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर एयरफोर्स स्टेशन से आए अधिकारी ज्योत्सना चिकारा ने बैठक के दौरान समिति के सदस्यों को अवगत करवाया कि पंजोखरा साहिब गांव स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा करर्कट गिराए जाने बारे, गांव धूलकोट के नजदीक सिंचाई विभाग की ड्रेनों की सफाई न होने के चलते व एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक पेड़ों की छंटाई न होने से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कूड़ा-कर्कट गिरने से पक्षी यहां पर आकर बैठ जाते हैं जिसके चलते कई बार हवाई जहाजों के उड़ान व उतरने के दौरान इंजन से टकराने की संभावना रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से यह ठीक नहीं है। मंडलायुक्त अंशज सिंह ने इन सभी विषयों बारे विस्तार से समीक्षा करते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने गांव पंजोखरा साहिब स्थित एसडब्ल्यूएम प्लांट के पास विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा गिराए जाने बारे पर डीडीपीओ से जानकारी हासिल करते हुए कहा कि यहां पर अवैध रूप से कूड़ा नहीं गिरना चाहिए। निगम या संबंधित विभाग बात का ध्यान रखे, इसके साथ-साथ धूलकोट के नजदीक बनी ड्रेनों की सफाई सिंचाई विभाग बेहतर तरीके से सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, डीएफओ राजेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग कृष्ण भुक्कल भी मौजूद रहे।

# सनातन धर्म पुरोहित मंडल की बैठक

- राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का 20 अप्रैल होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** बैठक करते सनातन धर्म पुरोहित मंडल के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

सनातन धर्म पुरोहित मंडल की विशेष बैठक भगवान परशुराम भवन मॉडल टाउन में आयोजित की गई। इसमें जिलर के समस्त ब्राह्मण एकत्रित हुए। अवसर पर सनातन धर्म पुरोहित मंडल के अध्यक्ष पंडित संजीव मौदगिल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा आगामी 20 अप्रैल 2025 को परशुराम भवन, बलदेव नगर, अंबाला शहर में पुरोहित सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ऐसे महापुरुष ब्राह्मण जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु व्यतीत किया उनको सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा का भी उत्कृष्ट सम्मान हेतु निमंत्रण दिया गया। इसकी उन्होंने स्वीकृति दे दी है। इस सम्मान समारोह के लिए सभी ब्राह्मणों से संपर्क किया जा रहा है ताकि इस संबंध में आगामी 6 अप्रैल को होने वाली मीटिंग में कार्तिकेय शर्मा के सम्मान समारोह की तैयारियों को पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर पंडित तिलक राज, पंडित धर्मपाल शास्त्री, पंडित अमित कालिया, पंडित अश्विनी पाराशर, पंडित रामरतन, पंडित दिनेश शास्त्री, पंडित राम प्रकाश, पंडित रोहित कृष्ण शास्त्री, पंडित गोविंद शास्त्री, पंडित जागेराम शर्मा संजीव शर्मा जंडली, शिव कुमार, किरण पाल शर्मा, पंडित दिनेश शर्मा, पंडित प्रवीण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चंडीगढ़-कालका रूट पर भी चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

- दैनिक यात्रियों को मिलेगी राहत कई रुटों पर दौड़ रही हैं ये बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** किसी इलेक्ट्रिक बस का लगा लेना।

अंबाला रोडवेज डिपो की इलेक्ट्रिक बसें अब अंबाला से चंडीगढ़ और कालका के रुटों पर भी चलेंगी। इसके लिए जल्द ही इन रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का परीक्षण किया जाएगा। बसों के संचालन से पहले रोडवेज अधिकारी इलेक्ट्रिक बस के रूटों का आंकलन करेंगे। परीक्षण सफल के बाद बसों का संचालन अंबाला कैंट बस अड्डे से पंचकूला, चंडीगढ़ और कालका की ओर किया जाएगा। अंबाला से बसों का संचालन होने से न केवल लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी, बल्कि नौकरीपेशा, विद्यार्थी और अन्य यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा इस रूट के यात्रियों को और भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। फिलहाल जिरकपुर तक ही इलेक्ट्रिक बस का संचालन हो रहा है। ऐसे में यात्रियों को पंचकूला के लिए जीरकपुर से दूसरी बसों का सहारा लेना पड़ता है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, नीलोखेड़ी, यमुनानगर, शाहाबाद व अन्य जिलों से रोजाना सैकड़ों सरकारी, गैर सरकारी, विद्यार्थी व यात्री पंचकूला, चंडीगढ़ व कालका आते-जाते हैं। इसके बाद शाम को ड्यूटी खत्म कर घर लौटते हैं। सुबह व शाम के समय रोडवेज की अधिकांश बसें यात्रियों से खचाखच भरी रहती हैं। वहीं, इन रूटों पर बसों की संख्या भी काफी कम है। इन रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पर्यावरण की सुरक्षा होगी।

### किया जा रहा परीक्षण

इसमें दो बसें अंबाला शहर से अंबाला छावनी के बीच संचालित की जा रही हैं। इसके साथ ही एक बस अंबाला शहर से तोपखाना और कलेरहेड़ी रूट पर और चौथी बस अंबाला शहर से बोह-बब्याल के बीच संचालित की जा रही है। पांचवीं इलेक्ट्रिक बस अंबाला शहर से वाया अंबाला छावनी जिरकपुर तक चलाई जा रही है, जबकि अंबाला शहर और अंबाला छावनी रूट पर लगाई गई दो बसों में से एक को पंचकूला में ट्रायल के तौर पर चलाया जा रहा है।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में सलोनी प्रथम

- राजकीय स्नातकोत्तर कालेज में शहीदी दिवस के उपलक्ष पर प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़



**नारायणगढ।** विजेता छात्राओं के साथ शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शहीदी दिवस के उपलक्ष पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. खुशीला के निर्देशन पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का विषय आजादी के संघर्ष में शहीदों के योगदान व बलिदान/उपलब्धियों और कार्यों से संबंधित रहा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।

कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों ने आजादी के संघर्ष में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया व देश की आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को शहीदों के योगदान, कार्यों व उपलब्धियों और बलिदान के इतिहास से परिचित करवाते हुए कहा की आज के युग में उनके आदर्शों और विचारों का बहुत महत्व है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सलोनी, द्वितीय स्थान पर राधिका भाटिया, तृतीय स्थान पर अनुराधा रहीं। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सतीश कुमार, प्रो. प्रवीण, प्रो. आशा के द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर प्रो. संजीव कुमार, प्रो. सुभाष कुमार, प्रो. रेनू कुमारी, प्रो. स्वर्णजीत मौजूद रहे। इतिहास विभाग के सदस्य प्रो. मृदुल, डॉ. बलदेव सिंह ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मनसा देवी मंदिर का किया भ्रमण

- पीएम श्री स्कूल के 180 छात्रो ने किया एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर



**शहजादपुर।** विजिट के दौरान स्कूली छात्र शिक्षकों के साथ ।विजिट के दौरान स्कूली छात्र शिक्षकों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

सरकार के द्वारा चलाए जा रहे पीएम श्री विद्यालयों में वर्ष 2024 25 के अंतर्गत 10वीं और 12वीं के बच्चों को एक्सपोजर विजिट पर ले जाने के कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वमावि कन्या विद्यालय के दसवीं और 12वीं कक्षा के बच्चों को स्टेट से बाहर एक्सपोजर विजिट करवाई गई। कार्यक्रम में 180 बच्चों को चंडीगढ़ में रॉक गार्डन, मनसा देवी मंदिर, रोज गार्डन और बोटेनिक गार्डन आदि स्थानों पर बच्चों के ज्ञान में वृद्धि करने हेतु विजिट पर ले जाया गया। साथ में विद्यालय की प्राचार्य सुमन कुमारी व स्कूल का स्टाफ भी उपस्थित रहा। पूरे दिन उपरोक्त स्थान पर ज्ञानवृद्धि करने के लिए विजिट करवाई गई। बच्चों ने इसका बहुत आनंद लिया। दसवीं कक्षा की छात्राएं महक, पारुल व अंजलि तथा 12वीं कक्षा की छात्राएं सिमरन, प्रिया, भावना, अंजलि और सलोनी ने बताया कि यह विजिट हमारे लिए बहुत फायदेमंद रही जिन चीजों को हम किताबों में पढ़ते थे, हमने उससे भी बढक़र बहुत सी चीज यहां आकर प्रत्यक्ष अनुभव किया । विद्यालय के स्टाफ ने बच्चों की इस विजिट को सफल बनाने में मदद की।

# बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए अभिभावकों को दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

- गांव काठेमाजरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से बीके पाठशाला आयोजित

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बीके पाठशाला का काठे माजरा में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता भ्राता परमाल सिंह ने की। गांव के सरपंच मायाराम ने सभी को शुभकामनाएं दी। ब्रह्माकुमारी तरुण बहन ने सभी को घर ग्रस्ति में रहते हुए संबंधों में मधुरता को लेकर विस्तार पूर्वक समझाया उन्होंने बताया कि इस युग की जो सबसे बड़ी समस्या है वह यह है कि बच्चे कहना नहीं मानते हैं। उनके अंदर सुनने की क्षमता नहीं रही है। सहनशक्ति नहीं रही है जिस कारण वह गलत कदम उठा देते हैं। कोई बच्चा डिप्रेशन का शिकार हो रहा है कोई अपने माता-पिता के खिलाफ होकर अलग हो रहा है। कोई अपने माता-पिता को ही जमीन जायदाद के लिए खत्म रहा है बोलने का भाव है कि खून के रिश्तों में भी आज वह प्यार नहीं रहा। सेवा केंद्र की इंचार्ज राजयोगनी ब्रह्माकुमारी हरदीप बहन ने भी अपने विचार रखे कि परमपिता परमात्मा तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना हम सभी के अंदर डालते हैं कि इस दुनिया में कोई भी पराया नहीं है सभी उसे निराकार परमपिता परमात्मा के बच्चे हैं।

## संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# स्मार्ट निवेश रणनीतियों की दी जानकारी

- निवेश के जोखिम प्रबंधन, लंबी अवधि के निवेश के लाभ और सही निवेश रणनीति पर गहन चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेजमें वाणिज्य विभाग द्वारा /"स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम/" के अंतर्गत एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदु विज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. ऋतु चांदना रहीं। कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षक विश्वदीप शर्मा ने छात्रों को म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार और स्मार्ट निवेश रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निवेश के जोखिम प्रबंधन, लंबी अवधि के निवेश के लाभ और सही निवेश रणनीति पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक समझदार निवेशक बाजार की अस्थिरता को समझकर सही समय पर निर्णय ले सकता है।

### अपने निवेश के प्रति सतर्क रहें

कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ऋतु चांदना ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्रों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने में सहायक होते हैं, जिससे वे भविष्य में बेहतर निवेश निर्णय ले सकें। वहीं, कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों से अपील की कि वे अपने निवेश के प्रति सतर्क रहें और वित्तीय ज्ञान को अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्सुकतापूर्वक अपने प्रश्न पूछे और विश्वदीप शर्मा ने उनके संदेहों का समाधान किया। समापन अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने श्री विश्वदीप शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अन्य प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।